संख्या- 72 /1923/24-1-14-1182(बजट)/2014

प्रेषक:

सुरेश कुमार शर्मा,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 18 सितम्बर, 2014

विषय:- उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 को वित्तीय वर्ष 2014-15 में परीछा ताप विद्युत गृह के कोयला संचालन संयंत्र की वैगन अनलोडिंग क्षमता बढ़ाने हेतु एक अतिरिक्त वैगन टिप्लर की स्थापना हेतु प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष एवं प्रबनध निदेशक, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के पत्र संख्या-285/उ0नि0लि0/मुम0प्र0(वित्त), दिनांक 23.08.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 को वित्तीय वर्ष 2014-15 में परीछा ताप विद्युत गृह के कोयला संचालन संयंत्र की वैगन अनलोडिंग क्षमता बढ़ाने हेतु एक अतिरिक्त वैगन टिपलर की स्थापना हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये 10,00,00,000/- (रूपये दस करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति प्रदान करते है।

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्कता होने पर किया जायेगा तथा आवश्यकता के दृष्टिगत तिथि की सूचना तत्काल ऊर्जा अनुभाग-1 को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि आहरित कर अनावश्यक रूप से बैंक में नहीं रखी जायेगी।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि उसी मद में व्यय की जायेगी जिस परियोजना की स्थापना हेतु स्वीकृत की गयी है।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या- 426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

5- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश लखनऊ/ इलाहाबाद और ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

6- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

7- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक "4801-बिजली परियोजना पर परिव्यय- आयोजनागत-02-ताप विद्युत शक्ति उत्पादन-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा उपक्रमों में निवेश-14- उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 -1421 परीछा ताप विद्युत गृह के 2×210 मेगावाट तथा 2×250 हेतु एक अतिरिक्त वैगन टिप्लर स्थापित करने हेतु अंशपूॅजी-30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

8- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-यू0ओ0-144/दस-2014, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

(सुरेश कुमार शर्मा)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या-72/1923(1)/24-1-14, तददिनांक</u>।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
2- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर- एच, अलीगंज लखनऊ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/ राज्य योजना आयोग अनुभाग-1
5- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सुरेश कुमार शर्मा)
संयुक्त सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in